





नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 21 अप्रैल, 2026



# एसडीएम के पत्र के तीन माह बाद भी नहीं की गई कार्रवाई

- शासकीय संस्कृत कॉलेज उज्जैन के फर्जी प्रमाण पत्र पुजारियों को बेचने का मामला
- बड़े रैकेट की भी आशंका









**खाचरौद। उज्जैन स्थित शासकीय श्री मानमल भीमराज रूईया संस्कृत महाविद्यालय जयसिंहपुरा उज्जैन के नाम के नकली व जाली पूजाविधि परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र बेचे जाने के मामले खाचरौद में सामने आए हैं।**

**जानकारी अनुसार उक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक को भी पूर्व मय प्रमाण एक शिकायत हुई है। इसमें बताया गया है कि तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में विगत लंबे समय से पुजारियों को राशि लेकर संस्कृत महाविद्यालय उज्जैन के फर्जी प्रमाण पत्र उपलब्ध करवा जा रहे हैं।**

उपरोक्त नकली प्रमाण पत्र पुजारी नियुक्ति के संबंध में राजस्व न्यायालय तक पहुंच गए हैं। ऐसे ही दो मामले खाचरौद अनुभाग में एसडीएम राजस्व नेहा साहू द्वारा पकड़े गए हैं। एस डी एम कार्यालय में भी उपरौक्त फर्जी प्रमाण पत्र बेचे जाने संबंधी शिकायत हुई थी। जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के यहां नाथूदास के विरुद्ध नकली प्रमाण पत्र बेचे जाने के संबंध में बयान दर्ज हुए थे। वहीं शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। जिस पर कार्यालय अनुविभागीय खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा पत्र क्रमांक 859/रीडर 2 / 26 दिनांक 14/01/2026 को उपरौक्त संबंध मे थाना प्रभारी खाचरौद को संबंधित नाथूदास पिता बालूदास द्वारा जाली दस्तावेज की जांचकर कार्रवाई करने बाबत् पत्र जारी किया गया है। गौरतलब है कि पत्र के तीन माह बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। वहीं दूसरे एक अन्य मामले में भी पुजारी रामदास पिता शिवदास निवासी गांव बरलई द्वारा अपने पुजारी नियुक्ति प्रकरण में जाली प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की शिकायत हुई थी। जांच पर प्रमाण पत्र संस्कृत महाविद्यालय द्वारा जारी नहीं किए जाने पर एस डी एम नेहा साहू द्वारा संबंधित की पुजारी नियुक्ति बर्खास्त कर उपरोक्त संबंध में भी थाना प्रभारी खाचरौद को पत्र क्रमांक 860/रीडर 2/2026 दिनांक 14/1/2026 को पत्र जारी कर कार्रवाई के लिए लिखा गया है। उपरोक्त पत्र पर भी कार्रवाई लंबित है। उक्त पत्र व ऐसे जाली प्रमाण पत्र की प्रति नवभारत के पास सुरक्षित है।

### जाली प्रमाण पत्र बेचे जाने के एक बड़े रैकेट का अंदेशा

सूत्रों की मानें तो संबंधित द्वारा जिले सहित अन्य स्थानों पर भी इस प्रकार के शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के नकली प्रमाण पत्र बेचे गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को संबंधितो द्वारा राशि लेकर इस प्रकार के नकली पूजा विधि प्रमाण पत्र बेचे जाने के कई मामले सामने आने हे वही मामलों में पुलिस अधीक्षक उज्जैन को जन सुनवाई में भी शिकायत मय प्रमाण हुई है किंतु स्थानीय स्तर पर पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिले के आला अधिकारियों को उपरोक्त मामले में त्वरित कार्यवाही करने की आवश्यकता है जिससे उक्त नकली प्रमाण पत्र का एक बड़ा रैकेट जिले में पकड़ाने का अंदेशा है।

### इनका कहना है

शिकायत और एसडीएम का पत्र मिला है, जांच की जा रही है, शीघ्र कार्रवाई होगी।

**- धनसिंह नलवाया,** थाना प्रभारी खाचरौद

# दो इलाकों में चाकूबाजी, शादी में विवाद और आपसी झगड़े में दो युवक घायल

**इंदौर. शहर के चंदननगर और मल्हारगंज थाना क्षेत्रों में अलग अलग घटनाओं में दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया. दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है. एक मामला शादी समारोह में नाचने को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है, जबकि दूसरा आपसी रंजिश का बताया जा रहा है.**



चंदननगर क्षेत्र के सिरपुर काकड़ में एक शादी समारोह के दौरान नाचने की बात को लेकर विवाद हो गया. इसी दौरान 18 वर्षीय कृष्णा मेहता पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया. घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे संभाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाया. फिलहाल हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है. वहीं मल्हारगंज क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया. इंदिरा नगर में रहने वाले 29 वर्षीय गुलशन को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है. बताया जा रहा है कि उसी क्षेत्र के कुछ लोगों ने उस पर हमला किया. पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही है. दोनों मामलों में पुलिस का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी.

## एक नजर में

### पेट्स को दिन में दो बार का फूड ही पर्याप्त




**इंदौर.** ह्यूमन कार्डियोलॉजी जहां सौ साल से अधिक पुराना विज्ञान है, वहीं वेटेनरी कार्डियोलॉजी अपेक्षाकृत नया क्षेत्र है और इसे विकसित हुए करीब 25 साल हुए हैं। हालांकि, पिछले पांच वर्षों में इसमें तेजी से तकनीकी प्रगति हुई है। अब हार्ट अल्ट्रासाउंड, चेस्ट एक्स-रे और ब्लड टेस्ट के जरिए पेट्स में हृदय संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान संभव हो गई है. 17वीं एफएसएपीएआई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान हैदराबाद से आई वेटेनरी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ रंजिता तिवारी ने बताया कि लगभग हर पेट उम्र बढ़ने के साथ किसी न किसी रूप में हार्ट पेशेंट बन सकता है, इसलिए पेट पेरेंट्स को जागरूक होना जरूरी है. खानपान को लेकर उन्होंने सलाह दी कि डॉग्स को दिन में दो बार तय समय पर केवल डॉग फूड दिया जाए और इसके अलावा सिर्फ पानी ही दिया जाए, इससे वे लंबे समय तक स्वस्थ रह सकते हैं. डॉग्स की पांच साल की उम्र में एक बार सभी जरूरी जांच जरूर करानी चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाली बीमारियों से बचा जा सके. कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ नरेंद्र चौहान ने बताया कि ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन फेडरेशन ऑफ स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और यूनाइटेड स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. अंतिम दिन सोमवार को ऑय और एब्डोमन जनरल सर्जरी का डेमोस्ट्रेशन भी आयोजित होगा. वाईस प्रेसिडेंट डॉ पदम जैन ने बताया कि कॉन्फ्रेंस को पूरी तरह नेचर फ्रेंडली और इको फ्रेंडली बनाने की कोशिश की गई है. सभी डेलिगेट्स को कपड़े के बैग दिए गए. इसके साथ ही जो ब्रोशर वितरित किए गए, उनके कागज में बीज छुपे हुए हैं.

### सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक

**इंदौर.** सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक में भारतीय संविधान- जैसा मैंने समझा और विवाह के बदलते प्रतिमान पर चर्चा की गई. आयोजक माधुरी निगम ने संविधान के लोकतान्त्रिक स्वरूप पर विचार रखे. वक्ताओं ने संविधानिक प्रावधानों का पालन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, और विवाह के बदलते स्वरूप पर चर्चा की. करुणा प्रजापति ने बेहतर समाज के निर्माण के लिए संविधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन और आत्ममंथन जरुरी बताया. डॉ. अर्चना त्रिवेदी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के परिप्रेक्ष्य में डिजिटल मीडिया में अमर्यादित और बिगड़े बोल की समस्या बताई. महिमा शुक्ला ने संविधान के स्वरूप, सरकार में शक्ति संतुलन और संशोधन प्रकिया पर बात की. मृदुला शर्मा ने पुन: एक बड़े आंदोलन की जरूरत बताई जिससे पीड़ित को समय पर और सही न्यायिक राहत मिल सके. अमिता मराठे ने संविधान को जनहित का सुरक्षा कवच बताया। गायत्री शर्मा ने विवाह संस्कार के बदले स्वरूप में बढ़ते अनावश्यक खर्च, महंगे आयोजन और दबाव पर बात की. आशा मुंशी ने अंतरधार्मिक और अंतरजातीय विवाहों की समस्यायें रेखांकित कीं. निर्मला बागोरा, संतोषी यदुवंशी, कृष्णा जोशी और कविता मेहता ने पारिवारिक व्यवस्था, नैतिकता और असुरक्षित विवाह सम्बन्ध पर चर्चा की. अर्चना पंडित, वंदना मिश्रा, समिधा शुक्ला, कविता चौहान, संगीता चौहान, जयश्री शर्मा और वंदना शर्मा ने मधुर स्वर में जगजीत सिंह, गुलज़ार, दुष्यन्त कुमार की गज़लें प्रस्तुत कीं. आभार गायत्री शर्मा ने प्रकट किया.

## मानव सेवा सहायता दिवस के रूप में साधारण सभा

**इंदौर.** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न, इंदौर मानव सेवा में अग्रणी जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न इंदौर की मासिक साधारण सभा जाल सभागृह इंदौर पर मानव सेवा सहायता दिवस व महातंबोला के रूप में आयोजित की गई. अध्यक्ष सुरेश देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। मानव सेवा के रूप में राजशान्ति आशियाना में रसोईघर के निमार्ण हेतु एवं सेवा भारती इंदौर व नारायण सेवा संस्थान उदयपुर को आपरेशन हेतु सहायतार्थ राशी प्रदान की. आगे भी ग्रुप द्वारा निरंतर मानव सेवा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जावेगा. मानव सेवा के अंतर्गत इस माह में 7 शिविर आयोजित किये गये जिसमें 2750 मरीजों का परिक्षण किया. 190 आपरेशन हुए एवं 2210 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया, साथ ही निराश्रित आश्रम में सभी के लिये वस्त्र और अनाज का वितरण ग्रुप द्वारा किया गया. ग्रुप के सदस्यों की परिचय पुस्तिका रत्न वाटिका का विमोचन समाजसेवी कांतिलालजी बम द्वारा किया गया.

# अक्षय तृतीया पर महाकालेश्वर को 22 लाख आम का भोग

- पुणे के परिवार ने अर्पित किए 1250 किलो हापुस आम और 1250 ग्राम केसर
- रत्नागिरी के प्रसिद्ध हापुस आम और हिमालय की केसर से सजा बाबा का दरबार

**उज्जैन।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर महाराष्ट्र के पुणे से आए कोलते परिवार ने ज्योतिर्लिंग श्री बाबा महाकालेश्वर जी को 22 लाख का भव्य महाभोग अर्पित किया है। इस महाभोग में मुख्य रूप से रत्नागिरी के प्रसिद्ध हापुस आम और हिमालय की घाटियों की केसर शामिल रही।

डॉ. सागर कोलते और उनके परिवार ने बाबा महाकाल के चरणों में 1250 किलोग्राम हापुस आम और 1250 ग्राम शुद्ध केसर अर्पित की।



वर्ष 2026 के इन प्रथम प्राकृतिक रूप से पके आमों को शुभ मुहूर्त में स्वर्ण वर्क और शुद्ध केसर से सजाकर नई चांदी की थालियों के साथ भगवान को चढ़ाया गया। चांदी की थालियां, 1250 ग्राम केसर और आमों को विधिवत रूप से मंदिर में ही जमा करवा दिया गया।

**नगर के अन्य देवस्थानों पर भी लगा भोग:** श्री महाकालेश्वर के अलावा उज्जैन के अन्य प्रमुख देवस्थानों पर भी कोलते परिवार द्वारा भोग अर्पित किया गया। श्री कालभैरव मंदिर, श्री हरसिद्धि माता मंदिर, श्री नवग्रह मंदिर, श्री मंगलनाथ मंदिर, श्री गढ़कालिका माता मंदिर और श्री विक्रांत भैरव मंदिर में प्रत्येक स्थान पर 125 किलोग्राम आम और 12 ग्राम केसर चढ़ाई गई। इस प्रकार इन सभी मंदिरों में कुल 750 किलोग्राम हापुस आम और 72 ग्राम शुद्ध केसर का भोग लगाया गया। यह संपूर्ण कार्य कंपनी की प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी, महाकाल मंदिर के पुजारी और मंदिर प्रशासकीय अधिकारियों के समक्ष व सहयोग से सानंद पूर्ण हुआ। कोलते परिवार ने श्री बाबा महाकालेश्वर जी से परिवार की उन्नति, सुख-संपदा, अभूतपूर्व वास्तु संपदा और उच्चतम स्वरूप की निरंतर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

**व्यावसायिक सफलता और पारिवारिक सुख के लिए अनुष्ठान:** यह विशेष अनुष्ठान डॉ. सागर, उनकी पत्नी डॉ. साधना, पुत्र साराध्य, पुत्री साध्या और पुत्र सात्विक कोलते द्वारा सात कंपनियों के सातवीं मंजिल पर स्थित कार्यालय के सफल निर्माण और स्थापना के उपलक्ष्य में किया गया। इन कंपनियों में सत्व सफायर एंड बुलियन प्रालि, साराध्य हेल्थकेयर प्रालि, साध्यसार हेल्थकेयर ओपीसी प्रालि, सेवंथ कॉस्मोशेल प्रालि, सालस्टिक 22य ओपीसी प्रालि, रणसागर क्लिनिक और सारस आयुर्वेद क्लिनिक शामिल हैं। परिवार ने इस महाभोग के माध्यम से पारिवारिक सुख, निरोगी काया, धन-धान्य, संपत्ति और कार्य में अपार सफलता की कामना की।

# सिंहस्थ 2028 में भी रोटरी क्लब निभाएगा अहम भूमिका




**उज्जैन।** रोटरी मंडल 3040 के मंडलाध्यक्ष रोटेरियन सुशील मल्होत्रा की पत्नी सहित आधिकारिक उज्जैन यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अपनी यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रोटरी क्लब उज्जैन द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मंडलाध्यक्ष ने आगामी सिंहस्थ महाकुंभ में रोटरी क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर भी अपने विचार व्यक्त किए।

**निरीक्षण कर परखे सेवा कार्य:** क्लब अध्यक्ष रोटेरियन ईश्वर चंद्र दुबे एवं सचिव रोटेरियन उरूसा हाशमी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंडलाध्यक्ष का स्वागत किया। इसके बाद आयोजित बोर्ड मीटिंग में उन्होंने क्लब द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन किया और उन्हें श्रेष्ठ बताया। मंडलाध्यक्ष ने लंगर पेट्रोल पंप पर हेलमेट जागरूकता के लिए लगाए गए होर्डिंग, पुष्पा मिशन अस्पताल स्थित रोटरी ब्लड बैंक एवं संस्कृति वन में क्लब द्वारा रोपित पौधों का निरीक्षण किया। इस दौरान रोटेरियन डॉ. अनूप निगम ने जानकारी दी कि ब्लड बैंक में 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक कुल 11,891 यूनिट रक्तदान किया गया है।

**क्लब के इन प्रोजेक्ट्स की हुई तारीफ:** क्लब मीटिंग में मंडलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में रोटरी फाउंडेशन, पोलियो फंड एवं मंडल प्रोजेक्ट्स पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्लब द्वारा संचालित कन्या कौशल शिविर, अंकुर प्रोजेक्ट, दृष्टि प्रोजेक्ट, मानसिक रूप से कमजोर महिलाओं की सहायता, सड़क सुरक्षा जागरूकता, सीपीआर प्रशिक्षण, एक पौधा मां के नाम, ब्लड और डेंटल कैंप, फ्री फूड पैकेट व फर्नीचर वितरण तथा नेकी की दीवार जैसे सेवा कार्यों को अनुकरणीय बताया।

### इनका हुआ सम्मान और दिए गए प्रमाण पत्र

कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ. शशिकांत शास्त्री एवं पर्यावरण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए योगेश शुक्ला को शॉल, स्मृति चिह्न एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशेष सहयोग के लिए पूर्व मंडलाध्यक्ष रोटेरियन रवि लंगर एवं डॉ. नलिनी लंगर का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर तीन नवीन इंट्रैक्ट क्लब शासकीय नूतन कन्या उमावि इंदिरा नगर, ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज उज्जैन एवं विजयाराजे शासकीय कन्या उमावि फ्रीगंज को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। नवीन सदस्य गीता दुबे को रोटरी पिन पहनाकर क्लब में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट गवर्नर विजय मूंदड़ा ने भी अपने विचार रखे। मीटिंग का संचालन रोटेरियन मेघना गोयल ने किया, जबकि शुरुआत की घोषणा रोटेरियन प्रहलाद वर्मा ने की। फोरवे टेस्ट का वाचन रोटेरियन अजय भार्गव ने किया और रोटेरियन स्वाति तेलंग ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। क्लब अध्यक्ष ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा सचिव उरूसा हाशमी ने सचित्र पीपीटी के माध्यम से साल भर के कार्यों की जानकारी दी। इसके पश्चात मंडलाध्यक्ष और उनकी पत्नी रूबी मल्होत्रा का शॉल, श्रीफल से स्वागत कर क्लब की स्मारिका भेंट की गई। इस अवसर पर रोटेरियन जवाहर जैन, मीनू भार्गव, शुभा जैन, मुकेश जौहरी, शाहिद हाशमी, शीला नीमा, प्रफुल्ल यादव, सुरेश शर्मा, शांति कुमार पोरवाल, डॉ. केतन सिलवाड़िया, हरिहर शर्मा, डॉ. जाग्रति शर्मा, अरुण तिवारी, अजय शर्मा, कृष्णकांत पवार, रोट्रेक्ट क्लब एडवाइजर डॉ. गिरीश, इंट्रैक्ट क्लब के एडवाइजर, अध्यक्ष व सचिव सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। अंत में क्लब सचिव ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार माना।

# परशुराम मंदिर में अवंतिका नारीशक्ति तीर्थ क्लब ने किया पूजन-आरती



- सपरिवार विराजे हैं भगवान परशुराम, महिलाओं ने की समाज की सुख-समृद्धि की कामना

**उज्जैन। अवंतिका नारीशक्ति तीर्थ क्लब के तत्वावधान में पानदरीबा स्थित अति प्राचीन भगवान परशुराम मंदिर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ विशेष आरती व पूजन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर समाज की उन्नति और सुख-समृद्धि की कामना की।**

संस्था अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने बताया कि यह मंदिर ढाई सौ से अधिक वर्ष पुराना है। यह एक विशेष आध्यात्मिक क्षेत्र है जहां साक्षात भगवान परशुराम अपने पूरे परिवार के साथ विराजित हैं। इस दिव्य स्थान पर भगवान परशुराम के साथ उनके पिता महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका देवी की प्रतिमा भी स्थापित है। इसी कारण अक्षय तृतीया पर यहां दर्शन और पूजन का विशेष महत्व रहता है। मंदिर की मुख्य पुजारी समीक्षा अभिषेक शर्मा ने बताया कि दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त यहां आते हैं तथा मंदिर में भगवान परशुराम का हवन-पूजन और अभिषेक किया जाता है। इस विशेष आरती व पूजन में समाज की प्रमुख महिलाओं ने भागीदारी की। इनमें तीर्थ इकाई उपाध्यक्ष पूनम दुबे, शिक्षाविद एवं इकाई संरक्षक कीर्ति राजेश शर्मा, अवनि श्री उपाध्यक्ष प्रिया व्यास, समाजसेवी ज्योति व्यास, संस्था सचिव रक्षा पालीवाल सहित आयुषी दुबे, शेफाली जोशी और अवनी जोशी आदि उपस्थित थीं। अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी श्रद्धालुओं ने आयोजन की सफलता पर एक-दूसरे का आभार व्यक्त किया।

**संस्कृति संरक्षण और नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश:** मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्रोच्चार और महाआरती के बीच भक्तिमय माहौल रहा। उपस्थित महिलाओं ने धार्मिक एकता, संस्कृति संरक्षण और नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। सदस्यों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

**एक नजर** | परशुराम जन्मोत्सव पर महाआरती संग अनावश्यक वाहन उपयोग न करने और रैलियों पर नियंत्रण का आह्वान

# सर्वब्राह्मण महासभा की पर्यावरण बचाने की सकारात्मक पहल

**नागदा।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा, महिला मंडल एवं श्री जी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का समापन जनजागरण और पर्यावरण संरक्षण के सशक्त संदेश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित साधकों ने प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य संवर्धन एवं सामाजिक अनुशासन को लेकर सामूहिक संकल्प लिया तथा विशेष रूप से अनावश्यक वाहन उपयोग में संयम रखने और वाहन रैलियों पर नियंत्रण के साथ साईकल रैली से पर्यावरण बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुनील चौधरी, डॉ. अनिल दुबे, वंदना दुबे, कीर्ति शर्मा, प्रीति कांठेड, कृष्णचंद्र पुरोहित एवं डॉ. अग्निवेश पांडे ने भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर पूजन,



माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अक्षय तृतीया के मंगल अवसर पर महाआरती सम्पन्न हुई।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प:** सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष डॉ. अनिल दुबे के प्रस्तुत संकल्प पत्र के माध्यम से सभी साधकों ने यह संकल्प लिया कि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएंगे एवं स्वयं भी प्रदूषण नहीं फैलाएंगे। पेट्रोल-डीजल वाहनों के अनावश्यक उपयोग से बचेंगे तथा दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। साइकिल व पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा देंगे। सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में डीजे व तेज ध्वनि यंत्रों का उपयोग नहीं करेंगे। स्वच्छता, संतुलित आहार व नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को अपनाएंगे। नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सभी प्रकार के नशों से दूर रहेंगे। संकल्प के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि शहर में अनावश्यक वाहन रैलियों, अत्यधिक ईंधन खपत एवं प्रदूषणकारी गतिविधियों पर प्रभावी रोक हेतु शासन-प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

**योग शिविर से मिला स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश:** 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक चले इस शिविर में प्रतिदिन सूक्ष्म व्यायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी प्राणायाम, सूर्य-चंद्र नमस्कार, एक्यूप्रेशर एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षिकाओं कीर्ति शर्मा एवं प्रीति कांठेड के निर्देशन में संगीत व डांडिया के साथ व्यायाम, हास्य योग एवं ताली योग ने प्रतिभागियों में विशेष उत्साह का संचार किया।

### योगाचार्यों और अन्य का किया सम्मान

समापन अवसर पर प्रशिक्षिकाओं, योगाचार्यों एवं सहयोगियों का माला, साफा, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील चौधरी ने अपने उद्बोधन में नियमित योग, संतुलित जीवनशैली एवं पर्यावरण संरक्षण को अपनाने का संदेश दिया। संचालन कवि सुंदरलाल जोशी, डॉ. प्रदीप रावल ने किया तथा आभार विजय व्यास ने व्यक्त किया। सात दिवसीय आयोजन मैं बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण एवं नगरवासियों ने योग शिविर के माध्यम से स्वस्थ जीवन के सूत्र जाने। सर्व ब्राह्मण महासभा ने नागरिकों से अपील की है कि स्वस्थ, स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त नागदा के निर्माण हेतु सभी लोग वाहनों का संयमित उपयोग, स्वच्छता एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## मधुमेह व मोटापे से मुक्ति शिविर में 560 लोगों की जांच

**इंदौर.** अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में शनिवार को एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर आयोजित छठें स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क जांच शिविर में पहले दिन 560 समाज बंधुओं ने अपनी सभी प्रकार की 32 जांचे कराई और 12 यूनिट रक्त का संग्रह भी किया गया. क्षेत्र के समाज बंधुओं की ओर से समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, सीतादेवी गोयल एवं गोपाल गोयल ने महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी एवं श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया. शिविर संयोजक किशोर गोयल, नितिन अग्रवाल एवं तृप्ति गोयल ने बताया कि अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में समाज बंधुओं को मोटापा एवं मधुमेह से मुक्त बनाने के पवित्र उद्देश्य से श्रीमती नीनादेवी अग्रवाल की स्मृति में गत 21-22 फरवरी से यह अभियान हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन की डॉ. विनिता कोठारी एवं डॉ. अरुण अग्रवाल की टीम द्वारा चलाया जा रहा है.